## मेरी माटी मेरा देश अभियान पर केंद्रीय संचार ब्यूरो की पांच दिवसीय प्रदर्शनी का समापन

# डायन प्रथा के खिलाफ संदेशात्मक नाटक का विभाग के कलाकारों ने किया मंचन

**प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों/ शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया**

**राम कृष्ण मिशन स्कूल, जसीडीह के छात्रों ने प्रदर्शनी स्थल पर चित्रांकन और निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया**




आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो दुमका/रांची की ओर से देवघर के आरएल सर्राफ उच्च विद्यालय परिसर में 26 अगस्त से चल रही मल्टी- मीडिया चित्र प्रदर्शनी का बुधवार को पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पेंटिंग तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेताओँ को घड़ी, टिफिन, बैग से पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी के समापन पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने पिछले पांच दिनों में इसकी उपलब्धियों के बारे में बताया। और भारी संख्या में शामिल हुए स्कूली बच्चों का भी उनके पांचों दिन उत्साह बनाये रखने के लिए आभार व्यक्त किया। आर एल सर्राफ उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजीव कपूर ने उनके विद्यालय परिसर में इस भव्य आयोजन के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो का धन्यवाद किया तथा आगे भी ऐसे आयोजन के लिए अपने पूरे सहयोग की बात कही। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, साथ ही साथ चंद्रयान-3 पर सेल्फी प्वाइंट, मेरी माटी मेरा देश और अमृत महोत्सव इत्यादि विषयों पर रोचक जानकारियां भी प्रस्तुत की गयीं। विजय स्तंभ का रेप्लिका, पीएम मोदी अपने हाथों में मिट्टी कलश लिये हुए मेरी माटी मेरा देश सेल्फी प्वाइंट, झारखंड के वीर सपूतों पर विशेष खंड, और मशहूर सेनानियों की आदम कद फोटो रेप्लिका, आदि इस प्रदर्शनी के आकर्षण बिंदु थे, जिन्हें दर्शकों ने काफी सराहा। प्रदर्शनी के आयोजन, संचालन और समन्वय में क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी शाहिद रहमान और ओंकार नाथ पांडेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सफीक आलम, राज किशोर पासवान, खुर्शीद आलम की महती भूमिका रही है। सीबीसी रांची कार्यालय के कर्मी श्रीकांत मोदी तथा दुल्लम पांडेय, संजय कुमार और सुरेश उरांव ने भी प्रदर्शनी के आयोजन में अपना सहयोग दिया। समापन समारोह में विभाग से जुड़े सांस्कृतिक दल किशोर बबुआ कला परिषद के सदस्यों ने देशभक्ति गीत तथा डायन प्रथा को खत्म करने पर संदेशात्मक नाटक का मंचन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की रांची तथा दुमका इकाई द्वारा संयुक्त रूप से देवघर के आर एल सर्राफ विद्यालय परिसर में 26 अगस्त 2023 से पांच दिन तक लगायी गयी। केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से मेरी माटी मेरा देश आदि पर अगली दो दिवसीय प्रदर्शनी 31 अगस्त से रामगढ़ के पतरातू ब्लॉक में लगायी जा रही है।

## बैंक ऑफ इंडिया की चट्टी बाजार शाखा से 32.21 लाख की अवैध निकासी

### क्लोन चेक से हुई निकासी, ब्रांच मैनेजर ने केस दर्ज कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया की चट्टी बाजार शाखा से फर्जी कर लाखों की अवैध निकासी की गई है। मामले में शाखा प्रबंधक नलिनी सिन्हा ने रामगढ थाना में चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गयी है। बैंक से 32 लाख 21 हजार रूपया की अवैध निकासी की गयी है।

**क्या है प्राथमिकी में**

प्राथमिकी में कहा गया है कि विशाल कुमार, मो फजतुर रहमान मल्लिक, एसके मोनिरूल इस्लाम, विजय कुमार ने फर्जी चेक से गैरकानूनी कर 32 लाख 21 की राशि की अवैध निकासी की है। बताया गया है कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के चट्टी बाजार के शाखा के खाता संख्या 58891011008691 के आठ फर्जी चेक क्लोन्ड कॉपी कर राशि की निकासी की गयी है। सभी पेमेंट 17, 18 व 19 अगस्त को किया गया है। इसकी जानकारी 22 अगस्त को इस खाता के ग्राहक को हुई। इसके बाद ग्राहक ने अपने बैंक का स्टेटमेंट देखा।। जिसके बाद उसे पता चला कि आठ चेकों के अनाधिकृत निकासी हुई है। जबकि ओरिजनल चेक ग्राहक के पास है। सभी व्यक्तियों के द्वारा धोखाघडी व जालसाजी कर फर्जी क्लोन्ड चेक का उपयोग कर ग्राहक को अनैतिक और गैरकानूनी आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है। पुलिस से मामले की जांच करने की मांग की गयी है। रामगढ पुलिस ने कांड संख्या 204-23 के तहत भादवि की धारा संख्या 406-420-467-468-471-120बी-4-9 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## झारखंड में कोयला के नये भंडार का पता चला, अगले पांच साल तक होगा उत्पादन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के रामगढ़ जिला में स्थित सीसीएल रजरप्पा एरिया को नया वरदान मिला है। सीएमपीडीआइ द्वारा रजरप्पा क्षेत्र के विभिन्न भागों में किये जा रहे हैं ड्रिलिंग के दौरान कोयले के नये विशाल भंडार का पता चला है। इस बात की पुष्टि सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। महाप्रबंधक ने बताया कि नया भंडार मिलने से रजरप्पा एरिया के विस्तारीकरण योजना को बल मिला है। यहां से अगले तीन से पांच वर्षों के लिए अब कोयले का उत्पादन सुनिश्चित हो जायेगा।

महाप्रबंधक ने बताया कि डीएलएफ, सेक्शन 1, सेक्शन 2 और सब स्टेशन में ड्रिलिंग करायी गयी है। यहां कोयला होने का पता चला है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक तौर पर इस कोयले का उत्पादन अगले तीन से पांच वर्षों तक किया जा सकेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि डीएलएफ प्लांट को ध्वस्त कर यहां पर शीघ्र ही कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया जायेगा। फिलहाल 3100 मीटर ड्रिलिंग करने के बाद ही इस कोयले के विशाल भंडार का पता चला है। कोयले की खोज के लिए 4000 मीटर तक ड्रिलिंग प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट कोयला उत्पादन, कोयला डिस्पैच एवं रैक लोडिंग में अब आत्मनिर्भर बन सकेगा।

## रांची के डोरंडा में सीआइडी थाना का उद्घाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीजी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को डोरंडा के राजा रानी कोठी स्थित सीआइडी मुख्यालय परिसर में सीआइडी थाना का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद बुधवार से ही सीआइडी थाने में विधिवत रूप से कामकाज शुरू हो गया। सीआइडी थाने के पहले प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद बनाये गये हैं। इस मौके पर सीआइडी के कई पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि बीते 11 अगस्त को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सीआइडी के नये थाना के गठन को लेकर आदेश जारी किया था। कहा गया था कि यह राज्य स्तरीय थाना होगा। इसका क्षेत्राधिकार संपूर्ण झारखंड होगा। थाना खुलने के बाद सीआइडी को राज्य के किसी आपराधिक मामले में जीरो एफआइआर दर्ज करने का अधिकार होगा।

## 31 अगस्त को दिन भर बांध सकेंगे राखी

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन इस वर्ष दो दिन का माना जा रहा है। वैसे हिंदू पंचांग के मुताबिक हर वर्ष सावन महीने की पूर्णिमा तिथि पर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है। इस साल सावन माह की पूर्णिमा तिथि 30 अगस्त को है, लेकिन इस साल 30 अगस्त को पूर्णिमा वाले दिन भद्रा का साया है। मान्यता है कि यदि श्रावण पूर्णिमा तिथि पर भद्रा का साया हो, तो भद्राकाल तक राखी नहीं बांधी जा सकती है। उसके समापन के बाद ही राखी बांधी जाती है, क्योंकि भद्रा काल में राखी बांधना अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में इस साल रक्षाबंधन का पर्व 30 और 31 अगस्त दो दिन मनाया जायेगा। इसलिए 30 अगस्त को रात्रि नौ बज कर एक मिनट के बाद से और 31 अगस्त को पूरे दिन रक्षाबंधन का त्योहार मनाना श्रेष्ठ रहेगा। 31 को दिनभर राखी बांधा जायेगी। इस संबंध में बुधवार को पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पंचांग के तहत सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 30 अगस्त को सुबह 10.58 बजे से हो रही है। इसका समापन 31 अगस्त को सुबह सात बज कर पांच मिनट पर होगा। 30 अगस्त की सुबह 10.58 बजे से भद्रा शुरू हो रहा है, वहीं रात 09.01 बजे तक है। ऐसे में 30 अगस्त को भद्रा के कारण राखी बांधने का मुहूर्त दिन में नहीं है। इस दिन रात में नौ बज कर एक मिनट के बाद राखी बांधने का मुहूर्त है। इसके अलावा 31 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा सुबह 07.05 बजे तक है। इस समय में भद्रा नहीं है। ऐसे में 31 अगस्त को सुबह सात बज कर पांच मिनट तक बहनें भाई को राखी बांध सकती हैं। इस प्रकार से इस साल रक्षाबंधन दो दिन 30 और 31 अगस्त को मनाया जा सकता है।

## सीसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हुई

**रांची (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सीसीएल, दरभंगा हाउस, रांची के कन्वेंशन सेंटर के सभागार में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ बी वीरा रेड्डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि हम तो बातें हिंदी में करते हैं, परंतु कार्य हिंदी में पूरी तरह से नहीं कर पा रहे हैं, हमें प्रयास जारी रख कर ही राजभाषा हिंदी में कार्यों को आगे बढ़ाना है। डॉ रेड्डी ने आगे कहा कि क्षेत्रीय भाषा में संवाद करने से अभिव्यक्ति और प्रभावी हो जाती है। बैठक को निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय इलेक्ट्रॉनिक युग का है, अतः हमें इसका व्यापक प्रचार प्रसार के साथ हिंदी के टूल-किटों को उपयोग में लाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चेक प्वाइंट बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि हम गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। विभागाध्यक्ष (राजभाषा) संजय कुमार ने राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सितंबर माह में राजभाषा संबंधी गतिविधियों/प्रतियोगिताओं पर विस्तार से बताया और राजभाषा पखवाड़ा से संबंधित जानकारी दी। राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा विभाग तथा नगर प्रशासन विभाग सहित बोकारो एवं करगली क्षेत्र को चल शील्ड से सम्मानित किया गया । बैठक में सीसीएल, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/महाप्रबंधक और राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आये प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव तक टल सकता है झारखंड नगर निकाय चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में होनेवाला नगर निकाय चुनाव लोकसभा और विधानसभा चुनाव तक टल सकता है। कैबिनेट ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की सीमा निर्धारित करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की मंजूरी 26 जून को दे दी थी, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी आयोग का गठन नहीं हो पाया है। ऐसे में 2023 में निकाय चुनाव होना संभव नहीं लग रहा है। वहीं अगले साल लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होनेवाला है। ऐसे में निकाय चुनाव लंबा टल सकता है। ओबीसी आयोग के अध्यक्ष का पद न्यायिक पदाधिकारियों के लिए सुरक्षित है। बताया जाता है कि सरकार को इस पद के लिए योग्य उम्मीदवार नहीं मिल रहा है। इसलिए सरकार अब आयोग के गठन के नियम बदलने पर विचार कर रही है। न्यायिक पदाधिकारी की जगह सामाजिक-राजनीतिक सरोकार से जुड़े व्यक्ति को भी अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है। अगर अगले एक-दो महीने में आयोग का गठन हो भी जाता है, तब भी आयोग को ओबीसी का सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सर्वेक्षण करने में तीन से चार महीने का समय लगेगा। फिर सरकार आयोग की अनुशंसा के आधार पर ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करते हुए चुनाव कराने पर विचार करेगी।

**दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव होने की चर्चा**

2024 के मई तक लोकसभा और नवंबर तक विधानसभा चुनाव होना प्रस्तावित है, लेकिन अब यह चर्चा है कि 2023 के दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव कराये जा सकते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया है कि भाजपा ने दिसंबर में चुनाव प्रचार के लिए सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिये हैं। इस दावे के बाद विपक्षी दलों की नजर केंद्र सरकार के रुख पर है। अगर ऐसा हुआ तो झारखंड सरकार भी निकाय चुनाव टालने की कोशिश करेगी।

**झारखंड के 48 नगर निकायों में लंबित है चुनाव**

झारखंड के 48 नगर निकायों में चुनाव होनेवाले हैं। अप्रैल 2023 में 34 नगर निकायों का कार्यकाल पूरा चुका है। इससे पहले 14 निकायों में मई 2020 से ही चुनाव लंबित हैं। राज्य के सारे नगर निकाय जनप्रतिनिधि विहीन हो चुके हैं। अफसरों के जरिये सारे काम हो रहे हैं। भाजपा का कहना है कि यह सरकार लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले निकाय चुनाव नहीं करवाना चाहती। झामुमो का कहना है कि यह सरकार पर निर्भर करता है कि वह लोकसभा-विधानसभा चुनाव के पहले या बाद में चुनाव कराना चाहती है। वहीं कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव के बाद ही निकाय चुनाव संभव दिख रहा है।

### भाजपा ने दीपक प्रकाश को मध्य प्रदेश चुनाव के लिए दी जिम्मेदारी

# दीपक प्रकाश मध्यप्रदेश में आज से दो महीने के प्रवास पर रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस साल के अंत में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा का चुनाव होना है। इस चुनाव को लेकर के भाजपा ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत भाजपा ने अपने विभिन्न राज्यों के कुशल संगठनकताओं को इन चुनाव में उतारने का फैसला किया है। इसी के तहत भाजपा ने झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को मध्यप्रदेश राज्य में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी है। श्री प्रकाश झारखंड़ से एक मात्र नेता हैं जिन्हें मध्यप्रदेश राज्य की जिम्मेदारी दी गयी है।

श्री प्रकाश को मध्यप्रदेश के शहडोल संभाग की जिम्मेदारी मिली है। जिसमें शहडोल, अनुपपुर तथा उमरिया जिले के 8 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। श्री प्रकाश को मिले संभाग में पार्टी को मजबूत करने और बूथ स्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर संवाद और तालमेल स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गयी है। और चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूती देने की जिम्मेदारी दी गयी है। श्री प्रकाश 31 अगस्त को मध्यप्रदेश के लिए रवाना होंगे और वहां दो महीने के प्रवास में रहेंगे।

## राज्यपाल से मिले गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष



**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी सहित अन्य ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल को गुरविंदर सिंह सेठी ने स्वलिखित पुस्तक गुरु नानक जीवन और संदेश भेंट की।

## आर्यन प्रियदर्शी प्रेप से लेकर 9वीं तक स्कूल में 100 परसेंट उपस्थिति दर्ज करा मिसाल कायम की

**रांची (आजाद सिपाही)।** आर्यन प्रियदर्शी कक्षा 9 वीं, डीपीएस स्कूल रांची का छात्र लगभग 9.5 साल से लगातार स्कूल में 100 परसेंट उपस्थिति दर्ज करा मिसाल कायम किया है। प्रेप से लेकर आज तक आर्यन प्रियदर्शी एक दिन भी स्कूल से आप्सेंट नहीं रहा। इसे हर साल 100 परसेंट अटेंडेंस अवार्ड मिलता है जो अपने आप में काबिले तारीफ है। इस बच्चे की जागरूकता और माता-पिता का सहयोग से आज यह बच्चा रांची ही नहीं पूरे झारखंड में एक मिसाल है। आर्यन प्रियदर्शी के पिता विकास चौधरी एक दवा व्यवसाय है और माता नीलम चौधरी भाजपा प्रदेश की मीडिया प्रभारी है। आर्यन प्रियदर्शी का एक भाई आदित्य प्रियदर्शी उसने भी 9 साल में एक दिन भी डीपीएस स्कूल में आप्सेंट नहीं किया। उसकी एक बहन भी डीपीएस में कक्षा 5 की छात्रा है अदिति प्रियदर्शनी उसे भी हर साल हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस अवार्ड मिलता है। माता पिता के लिए यह गौरव भरा क्षण होता है जब बच्चे इस तरह के परफॉर्मेंस करते हैं।

### रांची में चाइल्ड पॉर्नोग्राफी का मामला: टेलीग्राम ग्रुप के जरिये बना मार्केट

# 220 रुपये में 8000 से ज्यादा वीडियोज कराये उपलब्ध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में सोशल मीडिया के जरिये देह व्यापार और मानव तस्करी का धंधा तो चल ही रहा था, अब चाइल्ड पॉर्नोग्राफी का बाजार भी सजने लगा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टेलीग्राम के जरिए लोगों को वीडियो देने की बात कही जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आने के बाद उसकी लिखित शिकायत सीआइडी से की गयी है। वहीं बच्चों को लेकर इस तरह का मामला सामने आने के बाद इसकी शिकायत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय महिला आयोग से भी हुई है।

**कैसे चल रहा चाइल्ड पॉर्नोग्राफी का बाजार:** चाइल्ड पॉर्नोग्राफी का बाजार टेलीग्राम एप पर चल रहा है। यहां चाइल्स पॉर्न वीडियो और स्कॉट सर्विस के नाम से ओपन ग्रुप है। वहीं इस तरह के कई ऐसे ग्रुप हैं, जो इस तरह की वीडियो उपलब्ध कराते हैं। इस ग्रुप को चलानेवाले लोग सबसे पहले अपने टारगेट को मैसेज भेजते हैं। इसके बाद उनके रिप्लाई का इंतजार करते हैं। जैसे ही सामने वाला रिप्लाई करता है, तब सामने से वीडियो के कुछ सैंपल भेजे जाते हैं। कस्टमर की डिमांड होने पर पहले पैसे लिये जाते हैं और फिर इसके बाद चाइल्ड पॉर्नोग्राफी की वीडियोज उपलब्ध करायी जाती है। ऐसे ग्रुप संचालक अपने कस्टमर से ऑनलाइन मोड में पैसे लेते हैं।

### कैसे मामला आया सामने

चाइल्ड पॉर्नोग्राफी की सीआइडी से शिकायत बच्चों के लिए काम करने वाले एक कार्यकर्ता ने की है। उसकी ओर से लिखित शिकायत में बताया गया है कि उन्हें टेलीग्राम के इसी चाइल्स पॉर्न वीडियो एवं स्कॉट सर्विस ग्रुप से मैसेज आया। मैसेज में पूछा गया कि क्या आपको चाइल्ड पोर्न वीडियो चाहिए। इसके बाद कार्यकर्ता अलर्ट हो गया। उसने इस ग्रुप का पर्दाफाश करने के लिए मैसेज का हां में जवाब दिया। ग्रुप में जवाब देते ही कुछ सैंपल वीडियो भेजे गये। इसके बाद पैसे की मांग की गयी। जहां बताया गया कि केवल 200 रुपये में पांच हजार से अधिक वीडियो भेजे जायेंगे। इसके बाद बाल अधिकार कार्यकर्ता ने पैसे पेमेंट किये। जिसके बाद ग्रुप की ओर से लगभग आठ हजार वीडियो भेजे गये। वहीं छह अलग-अलग लिंक भी दिये गये हैं।

**दिल्ली के सूर्या नाम के व्यक्ति की संलिप्तता:** बाल अधिकार कार्यकर्ता की ओर से पूरी तफ्तीश करने के बाद इसकी लिखित शिकायत सीआइडी डीजी और सीआइडी के साइबर क्राइम थाने को की गयी। शिकायत दर्ज किये जाने के बाद अब सीआइडी पूरे मामले की जांच कर रही है।

इस मामले में प्राथमिक जांच के बाद चाइल्ड पॉर्नोग्राफी परोसने के मामले में दिल्ली के सूर्या नाम के व्यक्ति की संलिप्तता बतायी जा रही है। अब तक की जांच में मोबाइल नंबर 8287527671 और 8377892324 का पता चला है। इन्हीं नंबरों के जरिये टेलीग्राम ग्रुप चलाया जा रहा है।

## रांची से कैमूर जा रही स्कॉर्पियो ने कंटेनर में मारी टक्कर, सात की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची से कैमूर जा रही स्कॉर्पियो ने बुधवार सुबह हाइवे पर खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी। इस हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। यह घटना बिहार के सासाराम जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के पखनारी पेट्रोल पंप के पास एनएच दो पर हुई है। बता दें कि स्कॉर्पियो में कुल 12 लोग सवार थे।

**चालक को झपकी आने की वजह से हुआ हादसा**

घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी लोग स्कॉर्पियो से अपने गांव कुडारी (कैमूर) लौट रहे थे, तभी रास्ते में स्कॉर्पियो चालक को झपकी आ गयी। इससे गाड़ी अनियंत्रित हो गयी और हाइवे के किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार 12 में से सात लोगों की मौत हो गयी।

मृतकों में तीन बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**इन लोगों की हुई मौत**

मृतकों में 18 वर्षीय तारा कुमारी, 15 वर्षीय चांदनी कुमारी, 50 वर्षीय अरविंद शर्मा, 50 वर्षीय राजमती देवी, 8 वर्षीय आदित्य कुमार, 9 वर्षीय रिया कुमारी और 35 वर्षीय सोनी कुमारी शामिल हैं।

घायलों में रवि नंदन प्रियदर्शी, रितु शर्मा, सुदेश्वर शर्मा, दिव्या कुमारी और उपेंद्र शर्मा शामिल हैं।

## गिरिडीह में श्री बागेश्वर बाबा का दिव्य दरबार 2-3 नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** जिले के प्राचीन दुखिया महादेव मंदिर में 2 और 3 नवंबर को श्री बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। भक्तों के बीच सनातन धर्म का प्रचार करने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा पहुंचेंगे। 2 नवंबर की शाम को मंदिर प्रांगण स्थित मैदान में भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं, 3 नवंबर की सुबह दिव्य दरबार लगाया जायेगा। यह जानकारी गिरिडीह मानव सेवा संस्थान फाउंडेशन के संरक्षक विनोद सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि दिव्य दरबार को लेकर बागेश्वर बाबा 2 नवंबर को रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वह हेलीकॉप्टर के जरिये गिरिडीह एयरपोर्ट रवाना होंगे। दिव्य दरबार में करीब 10 से 15 लाख लोगों के लिए व्यवस्था की जायेगी। 2 दिवसीय दिव्य दरबार के बाद बागेश्वर बाबा देवघर में बैद्यनाथ धाम और तपोवन मंदिर का दर्शन करेंगे। विनोद सिन्हा ने बताया कि दिव्य दरबार का आयोजन सांसद सह भोजपुरी गायक मनोज तिवारी के सहयोग से होगा। उनके आग्रह पर ही बागेश्वर बाबा गिरिडीह पहुंचेंगे। दो दिवसीय दिव्य दरबार के दौरान भजन संध्या में मनोज तिवारी और पार्श्व गायिका प्रिया मल्लिक अपनी प्रस्तुति देंगे। गिरिडीह का दिव्य दरबार दूसरा संयोग होगा, जहां बाबा से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in
08

# अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही 18 किलोमीटर लंबी सलगाडीह-राउता की जर्जर सड़क

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सत्तारूढ़ झामुमो के विधायक विकास मुंडा का क्षेत्र होने के बावजूद जर्जर सड़क की सुधि लेने वाला कोई नहीं

- पक्की से कच्ची सड़क में हुई तब्दील, सड़क पर बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे
- नक्सली कुंदन पाहान का गांव होने के कारण लोग अपनी बेटियों का ब्याह करने से भी कतराते हैं

स्वरूप भट्टाचार्य



**अड़की (आजाद सिपाही)।** तमाड़ व अडकी प्रखंड के लिए लाइफ लाइन कहे जाने वाली सलगाडीह से राउता (लगभग 18 किलोमीटर) की सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उक्त सड़क नक्सल प्रभावित क्षेत्र में आता है। यहां की सड़की की खस्ताहाली का आलम यह है कि पैदल चलना तक दूभर हो गया है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भरा हुआ है, जिसमें से गाड़ियां हिचकोले खाते हुए चलने को विवश हैं। सड़क के किनारे नहर है जिसमें पानी भरा हुआ है। बरसात में किसी ने सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे को मिट्टी-मोरम डालकर भरने की कोशिश की, लेकिन वहीं जानलेवा साबित हो रही है। प्रतिदिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही है। उक्त सड़क पर कोलतार और पत्थर लगभग निकल चुके हैं। उक्त सड़क की मरम्मति छह सात पहले हुआ था, तब से मरम्मति की बांट जोह रहा है। इसी सड़क मार्ग से गर्मी के मौसम में बेधड़क हाईवा और ट्रैक्टर के माध्यम से ओवर लोड बालू भरकर रांची-टाटा रोड की राह पकड़ते हैं। भारी वाहनों के कारण ही उक्त सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गये है। इस इलाके में दो पंचायत बालालौग व सारगेया है, जहां की आबादी करीब 25 से 30 हजार के बीच है। इसमें करीब 12 हजार मतदाता हैं। सड़क के किनारे बने नहर में गाडवाल नहीं है, जिससे पानी के बहाव से भी रोड खराब हो रहा है। इस इलाके में एक हाई स्कूल व तीन बाजार तिरीलपीडी, कोटा व बालालौग लगती है, जिसमें बाहर के लोग नहीं आते। अगर कोई बाहर से आग भी गया और बारिश हो गयी तो उसका जाना मुश्किल हो जाता है। यहां के अर्जुन मुंडा हैं, जो केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री भी हैं। पर लोगों का आरोप है कि सांसद बनने के बाद वे आज तक झांकने भी नहीं आये। ग्रामीणों ने कहा कि एक बार उन्हें अपनी गाड़ी में यहां आकर देखना चाहिए। यहां के विधायक विकास मुंडा है। जो सत्तारूढ़ झामुमो के वरिष्ठ नेता हैं। राज्य में उनकी पार्टी की ही सरकार है, लेकिन वे लोगों की उम्मीद पर खरा नहीं उतर पा रहे हैं। लोग जायें तो कहां जायें। शिकायत करके और लिखा पढ़ी कर थक चुके हैं। सरकार, प्राशसन और जन प्रतिनिधियों के ढुलमुल रवैये से नाराज ग्रामीण अब सड़क जाम कर विरोध जताने की योजना बना रहे हैं। सड़क की हालत इतनी खराब है कि चिकित्सक भी गांव में जाने से कतराते हैं। यही कारण है कि कई लोग अनायास ही समय पर चिकित्सा के अभाव में काल के गाल में समा जाते हैं। बतातें चलें कि सड़क के अंतिम छोर बारीगाडा में नक्सली पूर्व सब जोनल कमांडर कुंदन पाहान का घर भी है। इस सड़क के किनारे बसे गावों में लोग अपनी बेटियों का ब्याह कराना भी नहीं चाहते है। उक्त मार्ग से कालेज आदि जगहों पर जाना भी टेड़ी खीर साबित होती है। उच्च शिक्षा अभिशप्त सा हो गया है। यहां के लोगों ने हर नेता व अधिकारी का दरवाजा खटखटाया, लेकिन कहीं से कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तो ग्रामीण उम्मीद भी छोड़ चुके हैं। लोग अपनी नाराजही को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में नेताओं निकालने की तैयारी में हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

रांची/सोनाहातू (आजाद सिपाही)। सोनाहातू थाना क्षेत्र के बुसुडीह गांव में 70 वर्षीय व्यक्ति पर साल साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता ने थाना में आवेदन देकर आरोपित पुरंदर महतो पर अपनी बेटी को बहला फुसला कर घर ले जाने और गलत काम करने का आरोप लगाया। इसके बाद बच्ची ने रोते हुए घरवालों को इसकी जानकारी दी। आवेदन के अनुसार बच्ची के साथ दुष्कर्म होने की बात कही गई है। आवेदन के आलोक में पुलिस ने आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही बच्ची का मेडिकल जांच कराया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल ने कहा कि आवेदन के आलोक में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान, नाराज आजसू ने विद्युत विभाग के जीएम को ज्ञापन सौंपा



बुंडू (आजाद सिपाही)। पूरे पांच परगना क्षेत्र में विद्युत विभाग की लचर व्यवस्ता को लेकर आजसू आंदोलनरत है। पूरे इलाके में ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद कब लगेगा यह कहना मुश्किल है। वहीं, बिजली की आंख मिचौली से क्षेत्र के लोग बेहद परेशान हैं। लगातार 12 घटें तक बिजली नहीं मिल पा रही है। इसे लेकर आजसू के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा की ओर से बुधवार को विद्युत विभाग के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई है कि बुंडू प्रखंड के एड़केया गांव में 25 केवी ट्रांसफार्मर, पारमडीह गांव के 100 केवी ट्रांसफार्मर, डमारी गांव का 100 केवी ट्रांसफार्मर एवं तमाड़ प्रखंड के उलिलोहर गांव में 100 केवी का ट्रांसफार्मर को दो दिन के अंदर नहीं बदला जाता है तो आजसू की ओर से दो सितंबर को रांची स्थित विद्युत विभाग के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

### आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुलंद करनी होगी आवाज : करम सिंह मुंडा




बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिरिलडीह बंजारा बाजार परिसर में बुधवार को आदिवासी सांगोम गोट की ओर से आदिवासी आमसभा की गई। जिसकी अध्यक्षता करम सिंह मुंडा एवं संचालन एतवा मुंडा ने किया। बैठक में अध्यक्ष करम सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासियों पर चौतरफा हो रहे अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ हमें आंदोलन करना चाहिए। विलुप्त हो रही आदिवासियों के रीति रिवाज, धर्म-संस्कृति परंपरा, वेशभूषा, रहन-सहन, खान पान, सीएनटी एक्ट एवं एसपीटी एक्ट कानून की रक्षा, अपने हक एवं अधिकार के लिए आवाज बुलंद करनी होगी। वहीं, जल जंगल जमीन की रक्षा करने, संविधान की रक्षा करने की शपथ ली गई। इस मौके पर लखन लाल मुंडा, कुंवर सिंह मुंडा, ऋषिकेश सिंह मुंडा, लागरा मुंडा, नंदकिशोर मुंडा, मंजू मुंडा, सुषमा मुंडा, बिमला मुंडा, गीता मुंडा, विष्णु मुंडा, काली मुंडा, गुरुचरण मुंडा, हरि मुंडा, अविनाश मुंडा आदि उपस्थित थे।

### आजसू नेता के पिता का निधन, शोक

अड़की (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख और आजसू नेता केशव चंद्र महतो के पिता समाजसेवी सत्यनारायण महतो का इलाज के दौरान बुधवार को घर में ही निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। उनका कुछ दिन पहले ही ब्रेन हेमरेज हुआ था। वह अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। पैतृक गांव चैनपुर में कांची नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं निधन पर पांच परगना के लोगों ने शोक प्रगट किया है।

### रक्षाबंधन पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन

बुंडू (आजाद सिपाही)। रक्षाबंधन के उपलक्ष में श्रीश्री मौसी बड़ी मंदिर समिति की ओर से एक दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। श्रीश्री मौसी बड़ी समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण महतो ने कहा कि रामायण पाठ के लिए मानस मिश्रा मंडली की ओर से 24 घंटे अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है।

### पशुधन व खुशहाल जीवन के लिए नकुल सहदेव की पूजा

अड़की/तमाड़ (आजाद सिपाही)। पुरान समाज के लोगों ने पशुधन और खुशहाल जिंदगी की कामना के लिए बुधवार को नकुल सहदेव की पूजा की। प्रति वर्ष रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में पुरान समाज के लोगों की ओर से नकुल सहदेव की पूजा करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन पुरान जाति के लोग महुवा लकड़ी की डाली से नकुल सहदेव की प्रतिमा बनाकर पशुशाला में स्थापित कर पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद समाज के लोग लाल मुर्गे की बलि देते है। पुरान जाति के लोग की यह मान्यता है कि यह परंपरा त्रेतायुग के महाभारत काल से चली आ रही है।

### बचरा बंसत विहार में गणेश पूजा को लेकर कमेटी का गठन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार स्थित टीएच कॉलोनी में गणेश पूजा को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बसंत कुमार और संचालन गांधीराम साहू ने किया। बैठक में इस वर्ष भी बचरा में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 19 से 21 सितंबर तक तीन दिवसीय गणेश पूजा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण कराने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन को लेकर समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष गांधीराम साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, सचिव बसंत कुमार, उप सचिव किशुन केवट को बनाया गया। वहीं, कई लोगों को सदस्य बनाया गया। बैठक में काली दास, बासदेव गंझु, शंकर सतनामी, राजू कुमार, राम कुमार, राज कुमार, देवनारायण, रूपलाल केवट, दुलार चंद, लखेश्वर लाल, गंगा राम, संतोष दास, जयपाल दास और विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### पूजा स्थल से धार्मिक झंडा उखाड़े जाने का अंबेडकर विचार मंच ने किया विरोध

खलारी (आजाद सिपाही)। अंबेडकर विचार मंच ने तुरी समाज के बांसपत्ती पूजा स्थल से धार्मिक झंडा उखाड़े जाने का विरोध किया है। अंबेडकर विचार मंच के संरक्षक रविंद्रनाथ चौधरी ने कहा कि सीसीएल एनके एरिया के सुरक्षाकर्मियों द्वारा डकरा पुल के समीप स्थित तुरी समाज के बांसपत्ती पूजा स्थल से धार्मिक झंडा उखाड़े जाने जैसे घृणत कार्य का जोरदार विरोध करते है। कहा कि एनके एरिया की डकरा खदान महतो, तुरी मुंडा, गंझू की जमीन पर स्थित है, बाहरी सामंती ताकत इन जगहों पर अवैध कब्जा कर दुकान-घर बना व्यापार कर रहे है।

### छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों से अभिभावकों को कराया गया अवगत

खलारी (आजाद सिपाही)। डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को बैठक के साथ अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। गोष्ठी में अध्यक्ष के रूप में अभिभावक सुरेंद्र जी को चुना गया। कुल 48 अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस गोष्ठी को पूर्णरूपेण प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विष्कर्मा ने संचालित किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियां किसी की प्रस्थिति में कमजोर नहीं होनी चाहिए। उनके सर्वांगिंग विकास के लिए हम सभी अग्रसर हैं। छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन, उनकी समस्या जानने व सुलझाने के लिए यह गोष्ठी का आयोजन किया गया है। वर्ष भर के पाठ्यक्रमों को कितने आसानी से छात्र-छात्राएं खेल-खेल की पढ़ायी में सीखें उसका प्रयास किया जाता रहा है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को जोड़कर आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। साथ ही उनके लिए शारीरिक, मानसिक संतुलन की स्थिति को देखते हुए विद्या भारती राष्ट्रीय एकात्मता एवं बालक के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से पांच विषयों के केन्द्रीय पाठ्यक्रम निर्धारित किये गये है।

## निर्देश : लोकेश मिश्रा ने किया खूंटी व कर्रा प्रखंड का दौरा, विकास कार्यों का लिया जायजा

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन प्रयासरत: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने बुधवार को डीसीसी नीतीश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ खूंटी और कर्रा प्रखंड का दौरा कर विकास योजनाओं की जानकारी ली। डीसी ने कर्रा स्थित किसान पाठशाला, लतरातू डैम और उच्च विद्यालय, लोधमा और खूंटी प्रखंड के जवाहर नवोदय विद्यालय में आर सेटी का निरीक्षण किया। डीसी ने किसान पाठशाला का भ्रमण किया और समेकित आजीविका कृषि प्रणाली एवं अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। कहा कि किसान पाठशाला के माध्यम से भी ग्रामीणों को प्रशिक्षित कर प्रायोगिक तरीकों से अवगत कराया जायेगा। मनरेगा की विभिन्न योजनाओं से शेड का निर्माण कर गाय पालन, बकरी पालन, मुगीर्पालन जैसे वैकल्पिक संसाधनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मधुमक्खी पालन सह शहद उत्पादन, मछली सह बत्तख पालन, केंचुआ खाद उत्पादन जैसी गतिविधियाँ भी की जा रही है। इसमें हॉर्टिकल्चर (उद्यान कृषि), फ्लोरीकल्चर (फूलों की बागवानी), मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि और सिंचाई गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही हॉर्टिकल्चर के तहत फलदार वृक्ष (पॉमीलॉजी), विभिन्न तरह की सब्जियों (ओलोरीकल्चर) से सम्बंधित कार्यों का अवलोकन कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।



सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेते डीसी लोकेश मिश्रा व अन्य।

### पर्यटन स्थलों के विकास से मिलेंगे रोजगार के अवसर

डीसी ने लतरातू डैम का भ्रमण कर पर्यटन के विकास को लेकर कई निर्देश दिए। जिला प्रशासन के सौजन्य से सैलानियों की सुविधा के लिए लतरातू डैम के सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की जा रही है। परिसर में जिला प्रशासन द्वारा स्विमिंग पूल, कॉटेज, कैंटिन, रेस्ट रूम, शौचालय आदि का निर्माण किया गया है। साथ ही यहां के पहाड़ों में कई कलाकृतियां बनाने के साथ स्लोगन लिखे गए हैं। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले में पर्यटन स्थलों के विकास से रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। डीसी ने उच्च विद्यालय, लोधमा एवं जवाहर नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में मूलभूत आवश्यकताओं, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षाएं, साइंस लैब व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।

### पर्यटन विकास को लेकर आर सेटी करे प्रशिक्षण का आयोजन

खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी लोकेश मिश्र ने बुधवार को डीडीसी नीतीश कुमार सिंह के साथ ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) का औचक निरीक्षण किया। संस्थान में वर्तमान में चल रहे ड्राइविंग प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों से डीसी और एसडीओ ने मुलाकात की। प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आरसेटी भवन का मुआयना किया और आरसेटी की ओर से ग्रामीण स्वरोजगार के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना की। उन्होंने संस्थान के निदेशक मिथिलेश कुमार को खूंटी में पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन से संबंधित प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संस्थान में व्यवस्थाओं को भी सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि उचित प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कौशलवर्द्धन को लेकर भी उचित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन सुदूर क्षेत्रों तक पहुंचकर आमजनों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए प्रयासरत है।

### बाबा आम्रेश्वर धाम में श्रावण पूर्णिमा का मेला आज, एक लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में इस बार दो माह तक चले श्रावणी महोत्सव का समापन गुरुवार को होगा। इस अवसर पर आम्रेश्वर धाम परिसर में श्रावन पूर्णिमा का परंपरागत मेला लगेगा। प्रति वर्ष श्रावण पूर्णिमा को लगने वाले भव्य व विशाल मेले में इस बार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे ध्यान में रखकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले में प्रसाद, खिलौने, श्रृंगार सहित विभिन्न प्रकार की सैकड़ों दुकानें सज गई हैं। साथ ही मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के खेल तमाशे, झूले आदि भी लग गए हैं। इधर, अंतिम सोमवारी के बाद से ही आम्रेश्वर धाम में भक्तों की भीड़ निरंतर बढ़ती जा रही है। बुधवार को भी विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुंचे और बाबा का जलाभिषेक कर धाम परिसर में लगे श्रावणी मेला का लुत्फ उठाया। मेले में शांति व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समुचित मात्रा में महिला-पुरुष बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही जगह-जगह लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से भी मेला परिसर की हर छोटी बड़ी घटना पर नजर रखी जा रही है। वहीं, बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी में पूरे श्रावण माह तक चलने वाले श्रावणी महोत्सव के अंतिम चरण में मंगलवार शाम को प्रारंभ हुए 48 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का समापन गुरुवार शाम को होगा। आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार ने बताया कि अखंड हरि कीर्तन के समापन व पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच शुद्ध घी से बने 151 किलो बुंदिया का वितरण प्रसाद के रूप में किया जाएगा।

### खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर बंद रहेगा भारी वाहनों का परिचालन

श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर आम्रेश्वर धाम में लगने वाले श्रावणी मेले को लेकर गुरुवार को खूंटी-सिमडेगा तोरपा मार्ग पर भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद रहेगा। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि श्रावणी मेला के कारण जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को खूंटी तोरपा रोड में चलने वाले भारी वाहनों के लिए नया रूट निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार चाईबासा और खूंटी, अड़की, टाटा आदि क्षेत्रों से गुमला-सिमडेगा की ओर जाने वाले भारी वाहन मुरहू के डुडरी मोड़ से बम्हनी, कुटाम होते हुए तोरपा होकर अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। रांची से खूंटी होकर गुमला-सिमडेगा की ओर जानेवाले वाहन हुटार चौक से लोधमा, कर्रा, तोरपा होकर अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। वहीं गुमला-सिमडेगा से चलकर खूंटी होते हुए रांची की ओर जाने वाले वाहन तोरपा कर्रा मोड़ से कर्रा, लोधमा होकर रांची जायेंगे।

### सुरक्षा सैनिक के 373 व सुपरवाइजर के 50 पदों के लिए चयन प्रक्रिया एक से

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा सिपाही और सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए चयन प्रक्रिया एक सितंबर से जिले के विभिन्न थाना में शुरू की जायेगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने खूंटी और तोरपा के एसडीपीओं को जरूरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिसर नई दिल्ली, ग्लोबल स्किल इंडिया डेवलपमेंट के तहत एसआइएस के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बेरोजगार नवयुवकों को सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पद पर चयनित किया जाएगा। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी अनुपम सिंह ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया एक सितंबर को तोरपा थाना परिसर, दो सितंबर को रनिया थाना परिसर, तीन सितंबर को मुरहू थाना परिसर, चार सितंबर को जरियागढ़, पांच सितंबर को मारंगहादा, सात सितंबर को तपकरा, आठ सितंबर को अड़की, नौ सितंबर को सायको, 10 सितंबर को कर्रा और 11 सितंबर को खूंटी थाना परिसर में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भर्ती में शामिल होने के लिए 10वीं का अंक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपने नजदीकी थाना परिसर में पहुंचकर भाग ले सकते हैं। भर्ती अधिकारी ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों का एक मास का प्रशिक्षण जमशेदपुर घमरिया में होगा। प्रशिक्षण में एकेडमिक और फिजिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत उनकी नियुक्ति सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में की जाएगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपने मूल दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि को अपने नजदीकी थाना में पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।



## हादसा : रक्षाबंधन पर मायके जा रही पत्नी को पहुंचाने गया था बस स्टैंड

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के जामुनदोहर निवासी 24 वर्षीय विजय लोहरा नामक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह पेशे से दिहाड़ी मजदूर था। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार शाम विजय अपनी बाइक से चामा की ओर से मैकलुस्कीगंज होते हुए खलारी आ रहा था। उसके साथ जेहलीटांड़ खलारी की एक लड़की एंजल सिंह भी बाइक पर बैठी हुई थी। इसी बीच चामा-मैकलुस्कीगंज रोड में विपरीत दिशा से आ रहे एक मिनी ट्रक ने बाइक को धक्का मार दिया। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने विजय लोहरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि एंजल सिंह की हालत अभी भी गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है। इधर, दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को वहीं छोड़कर भाग गया। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। विजय के घर वालों ने बताया कि विजय की पत्नी को राखी बांधने मायके जाना था। विजय अपनी पत्नी को चतरा बस पकड़वाने के लिए चंदवा बस स्टैंड पहुंचाने गया था वहीं से वापस खलारी लौट रहा था। विजय लोहारा की दो छोटी बेटियां हैं। विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी ने मृत्यु पर दुख प्रकट सरकार से की मांग की है।





आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023
www.azadsipahi.in



# सड़क निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोग हुए एकजुट



**सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री समेत कई विभाग के पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** मांडर और कांके विधानसभा को जोड़नेवाली प्रमुख सड़क की बद से बदतर हालत और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से नाराज सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बुधवार को जिला परिषद सदस्य चान्हो आशुतोष तिवारी, चोरेया पंचायत के मुखिया रेखा सांगा, तरंगा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि शिबरा उरांव, रोल पंचायत के मुखिया चम्पा उरांव, चोरिया पंचायत के समिति सदस्य सुषमा देवी के नेतृत्व में खुद सीएम से मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सचिवालय में अवर सचिव से भी मिलकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग, सचिव पथ निर्माण विभाग को भी आवेदन देकर टू लेन सड़क के निर्माण की मांग की।

कुछ दिन पूर्व ही चोरया में दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों की हुई बैठक में सड़क निर्माण के लिए आंदोलन की तैयारी को लेकर बैठक की गई थी। इसमें राज्य पथ संख्या 7 बीजूपाड़ा खलारी मार्ग पर चोरिया मोड़ से लेकर चोरिया, हेशमी, गड़मी होते हुए एनएच 75 पानी टंकी (मांडर) तथा हतनई तक सड़क टू लेन बनाने की मांग की गई है। इसमें निर्णय लिया गया था कि जबतक यह सड़क टू लेन नहीं बन जाती जोरदार आंदोलन किया जायेगा। इस गांव की जो मुख्य सड़क है, इस पर दो विधानसभा क्षेत्र मांडर और कांके तथा तीन पंचायत के हजारों लोग प्रतिदिन चलते हैं। इसी सड़क से होकर किसान अपनी सब्जियों को बाजार तक ले जाते हैं तो वहीं छात्र-छात्राएं अपना भविष्य संवारने के लिए भी स्कूल, कॉलेज जाने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। बावजूद इसके पिछले सात सालों से यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चली है। ऐसा नहीं है कि विधायक और सांसद इस सड़क से होकर नहीं गुजरते पर सबने आंखें मूंद रखी है। कई बार लोगों ने विधायक और सांसद से आग्रह किया लेकिन सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला। इस बार क्षेत्र के जनता आरपार के मूड में है।

## भरनो में पूर्व जिप सदस्य सह एआइएमआइएम महासचिव के पिता की हत्या



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो टिकरा टोली निवासी पूर्व जिप सदस्य सह एआईएमआईएम महासचिव शिशिर लकड़ा के पिता सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त 70 वर्षीय जॉन क्रिस्टोफर लकड़ा की हत्या अज्ञात लोगों द्वारा कर दी गयी। मृतक का शव गुमला जिला के भरनो थाना क्षेत्र के तेरनेटोली स्थित मालगो नदी में चार दिन पूर्व भरनो थाना पुलिस ने बरामद किया था। उक्त शव की पहचान बुधवार को मृतक के पुत्र शिशिर लकड़ा के द्वारा भरनो थाना पहुंचकर की गयी। मृतक के पुत्र ने पुलिस को बताया कि उनके पिता पिछले चार दिनों से घर से लापता थे। इधर बुधवार को सोशल मीडिया और अखबारों में भरनो थाना क्षेत्र के मलगो नदी में एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर शव फेंके जाने की जानकारी मिलने के बाद भरनो थाना पहुंचकर उक्त अज्ञात शव को देखकर तथा क्रुस मोती माला और घर के ताला की चाभी देखकर ही शव की पहचान हुई है। मृतक के बेटे ने बताया कि उसके पिता का भरनो के मलगो का रहने वाले एक युवक से परिचय था, वह उनका ओमनी कार का चालक भी था। इसलिए पिताजी अक्सर मलगो गांव आना-जाना करते थे। चार दिन पूर्व भी उक्त युवक के साथ ही पिताजी को बेड़ो में देखा गया था। उसके बाद से ही पिताजी लापता हो गए। उनके पास एक ओमनी मारुति वैन था। जिसका नंबर ॅ01डीजी 6822 था जो भी गायब है साथ ही उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ होकर गायब है। वही भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि एक दिन पूर्व हत्या कर नदी में फेके गए शव की पहचान भरनो पुलिस द्वारा कर ली गई है।वहीं शव को मृतक के स्वजनों को सदर अस्पताल गुमला में लेने के लिए भेज दिया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या क्यों और किसके द्वारा किया गया है। अभी यह पता नहीं चल पाया है,पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।अब शव की पहचानी हो गई है बहुत जल्द इस हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इधर शिशिर लकड़ा के पिता की मौत की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वही केंद्रीय पड़हा संचलन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत,धनंजय कुमार राय प्रभात टोप्पो,अनिल टोप्पो सुका उरांव सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## नगड़ी में स्कार्पियो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र के रिंग रोड टुंडूल के पास बीती रात एक स्कार्पियो नं जेएच01एच 0777 की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक बबलू बड़ाईक (30) और अमर तिर्की (32) घायल हो गये। इसकी सूचना जब नगड़ी पुलिस को हुई तो इन्हें उठाकर रिंची अस्पताल कटहल मोड़ में पहुंचाया लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी और दोनों युवकों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। बाद में नगड़ी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। इस संबंध में बबलू बड़ाईक के बड़े भाई सरजीत बड़ाईक ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर स्कार्पियो के ड्राइवर पर कानूनी करवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि मेरा भाई बबलू बड़ाईक और अमर तिर्की मंगलवार की रात लगभग 11 बजे कटहल मोड़ से अपना घर गागी टोली बाइक नं जेएच13जी 9007 से आ रहे थे कि टुंडूल के पास एक काले रंग की स्कार्पियो ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे वे दोनों रोड में गिर गए और जहां वे लोग गिरे वहीं स्कार्पियो पलट गयी जिससे वे लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**कार्यक्रम : खक्सी टोला के स्मारक स्थल और महादानी मैदान में राजकीय टाना भगत 14वां मुक्ति दिवस समारोह आयोजित**

# देश के प्रति टाना भगतों का समर्पण अनुकरणीय : बंधु

**टाना भगतों के बलिदानों को भुलाया नहीं जा सकता : शिल्पी नेहा तिर्की**



खक्सी टोली में बंधु तिर्की, विधायक व टाना भगत तथा बेड़ो शिलालेख स्थल पर ध्वजारोहण करते पूर्व विधायक गंगा टाना भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** खक्सी टोला के स्मारक स्थल और महादानी मैदान में राजकीय टाना भगत चौदहवां मुक्ति दिवस समारोह का आयोजन। जहां प्रखंड मुख्यालय स्वतंत्रता सेनानी शिलालेख स्थल पर पूर्व विधायक सह केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय टाना विकास परिषद गंगा टाना भगत ने चरखा छाप तिरंगा झंडा का ध्वजारोहण किया। उधर खक्सी टोली स्मारक स्थल पर महात्मा गांधी के प्रतिमा स्थल पर भी ध्वजारोहण किया गया। साथ ही वीर स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत के प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर नमन किया गया। इधर बेड़ो के महादानी मैदान स्थित आयोजन स्थल पर चरखा छाप तिरंगे का ध्वजारोहण व विधिवत दीप प्रज्वलित कर 14वां वार्षिक राजकीय समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक ने शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि टाना भगतों के बलिदानों को भूलाया नहीं जा सकता। आज महात्मा गांधी के विचारों से टाना भगत समुदाय जिस प्रकार से गहराई से जुड़ा है वह सभी के लिये आदर्श है। उन्होंने कहा कि टाना भगत समुदाय के युवाओं को अपनी व अपने समाज की समस्याओं को मुखरता और प्रमुखता से सामने लाना चाहिये। इधर समारोह में बोलते पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि देश के प्रति टाना भगतों का समर्पण बेहद प्रासंगिक, आदर्श और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के बताये रास्ते पर चलते हुए टाना भगतों ने हमेशा अहिंसा धर्म का पालन किया है। स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेनेवाले टाना भगतों पर उनके सीधे-सादे व्यवहार और भोलेपन के कारण होनेवाले किसी भी अन्याय को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानियों एवं टाना भगतों के ऐतिहासिक स्थलों एवं स्मारकों के विकास के लिए दी गयी तीन महत्वपूर्ण योजनाओं की स्वीकृति ऐतिहासिक होने के साथ ही बहुत ही सराहनीय कदम है। स्वीकृत सभी योजनाएं केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि वह झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानियों टाना भगतों के साथ जुड़ी है बल्कि आमजन के हित में भी यह बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा एक करोड़ 16 लाख 24 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के मुख्य द्वार एवं परिसर के सौंदर्यीकरण की अनुमति प्रदान की गयी है। इसके अलावा टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के बाउंड्री वाल व स्टेज के निर्माण एवं कैंपस के उन्नयन के संदर्भ में 39 लाख 60 हजार छह सौ रुपए वाली योजना को स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके साथ ही टाना भगत स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल के परिसर में कॉन्फ्रेंस हॉल एवं अतिथि गृह के निर्माण के लिये कुल एक करोड़ 76 लाख 53 हजार 9 सौ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गयी है। समारोह का समापन राष्ट्र गीत के साथ किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक सह गंगा टाना भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की समेत रांची, गुमला, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, लातेहार जिले के टाना भगत ने भाग लिया।

# गगारीधाम गगारी में सावन पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन

**गगारीधाम को पर्यटक स्थल के रूप में किया जाएगा विकसित : संजय सेठ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** गगारीधाम गगारी में सावन पूर्णिमा के अवसर पर मेला का आयोजन किया गया। मेला में बतौर अतिथि पधारे सांसद सेठ ने कहा कि गगारी पहाड़ की खुबसूरती देखते ही बनती है। पर्यटन की असीम सम्भावनाएं हैं। पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का संकल्प लेता हूं। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मेला झारखंड की परंपरा है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मेला लोगों के बीच मेल बढ़ाती है। इसके अलावा भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी, बेदिया विकास परिषद उपाध्यक्ष जितनाथ बेदिया, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, पूर्व उपप्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, युवा सरना समिति अध्यक्ष अशोक मुण्डा आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र बेदिया, दिपेश बेदिया व देवनारायण महतो ने संयुक्त रूप से किया।

वहीं मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र नागपुरी आर्केस्ट्रा रहा। इसके सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष गोवर्धन बेदिया, सचिव लक्ष्मण गंझू, धनेश्वर बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, कोषाध्यक्ष लालू बेदिया संरक्षक धनराज बेदिया, शिवटहल नायक, जितेन्द्र बेदिया, महेन्द्र महतो, बृजलाल बेदिया, साधो उरांव लक्ष्मन उरांव, गौरीशंकर नायक, बालेश्वर उरांव, पुरन बेदिया, राजकिशोर महतो, धनवृज बेदिया, प्यारेलाल महतो, दुलाल चन्द्र महतो, कमल बेदिया, सरजु करमाली आदि सभी पदाधिकारी व ग्रामीणों का योगदान रहा।

# दाड़ी पंचायत के अकमरोमा साकेटोली में ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क बनायी



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** डाड़ी पंचायत के अकमरोमा साखेटोली के ग्रामीणों ने गांव पहुंचने वाली कच्ची सड़क को सहयोग और श्रमदान कर बुधवार को मुरम डलवाया। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कारूम मोड़ से साखे टोली जाने वाली सड़क पर बारिश से कीचड़ और गड्ढे हो जाने से लोगों को काफी परेशानी होती थी। जिसे लेकर महिला मंडल के सदस्यों के द्वारा गांव में बैठक कर पहले चंदा किया गया और ट्रैक्टर से मोरम मिट्टी गिरायी गयी और श्रमदान कर लगभग सौ मीटर सड़क पर गड्ढे को भरा गया। जिससे सड़क चलने लायक बनी। राष्ट्रीय बाउरी संघर्ष मोर्चा रांची जिला के अध्यक्ष सुबाष बाउरी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि साखे टोली जाने वाली सड़क पर पैदल चलने में काफी परशानी होती है। जनप्रतिनिधियों समेत अधिकारियों से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन सभी ने अनसुना कर दिया।

इस मौके पर पुष्पा होरो, मोनिका होरो, जसींता होरो, मगदाली होरो, बिरसा मुंडा, विनोद लोहरा, सुशील मुंडा, रोशन मुंडा, बेरोनिका होरो, सबन मुंडा समेत कई ग्रामीणों ने सहयोग किया।

**खेलकूद : स्व. सोमरा बेदिया स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब एफसी लाधुप की टीम ने जीता**

# आज के दौर में शिक्षा के साथ खेलकूद का भी जीवन में बड़ा महत्व है : अमरनाथ चौधरी

**विजेता टीम को नकद 10 हजार रुपये व मेडल तथा उपविजेता टीम को नकद 8 हजार रुपये व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** बीसा पंचायत सचिवालय मैदान में आयोजित एक दिवसीय स्व. सोमरा बेदिया स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब एफसी लाधुप की टीम ने जीत लिया। बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एफसी लाधुप की टीम नें शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए मुण्डा बदर्स बानपुर की टीम को 4-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। मैन ऑफ दी मैच विजेता टीम के दुर्गा नायक रहे।

इससे पूर्व मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, भाजपा सिकिदिरी मण्डल अध्यक्ष सुनील महतो, भाजपा एसटी मोर्चा के मंडल महामंत्री बुधराम बेदिया, मुखिया मंज्योति देवी, पंसस मानेश्वर मुण्डा, उपमुखिया संजय भोगता, राजेन्द्र चौधरी, बनु बेदिया, एतवा बेदिया आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया।

मौके पर अमरनाथ चौधरी ने खिलाड़ियों का उत्सावर्द्धन करते हुए कहा कि आज के दौर में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी बहुत महत्व है। ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से हम ग्रामीण क्षेत्र में छुपी हुई प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर आने वाले समय में बड़े आयोजनों में सहभागिता दिलाते हैं। सत्यदेव मुण्डा ने कहा कि खेल को सदैव ईमानदारी और खेल भावना से खेला जाना चाहिए, जो भी इस मंत्र के साथ खेलता है तो निश्चित रूप से वह आगे सफल रहता है। बाद में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में अतिथियों के हाथों विजेता टीम को नकद 10 हजार रुपये व मेडल तथा उपविजेता टीम को नकद 8 हजार रुपये व मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। संचालन जयराम बेदिया ने किया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में जयराम बेदिया, रोहित बेदिया, सोनी कुमारी, रेणु कुमारी, करिश्मा कुमारी, बालकिशोर बेदिया, दिलबर बेदिया, विभिषण बेदिया, सोनाराम बेदिया, सहीराम बेदिया, रोहित बेदिया, रामदेव बेदिया, प्रेमचंद बेदिया, पिकेश्वर बेदिया, छोटुराम बेदिया, जुकेश्वर बेदिया आदि का योगदान रहा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम रांची ने किया कृषि यंत्र का प्रत्यक्षण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गांव में बुधवार को दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के सौजन्य से प्रथम पंक्ति प्रत्यक्षण योजना अंतर्गत कोनोविडर छोटे कृषि यंत्र का प्रत्यक्षण किया गया। संस्थान के कृषि अभियंता ईओपी शर्मा ने किसानों को धान फसल में खरपतवार नियंत्रण हेतु कोनोविडर उपयोग करने की तकनीक की जानकारी दी। मौके पर ओबर विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष श्यामसुंदर बेदिया, युगलकिशोर बेदिया, महाबीर बेदिया, पहलू बेदिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### चरकु साहू झारखंड प्रदेश तेली समाज के सदस्य बनाये गये



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश तेली समाज के अध्यक्ष अरुण साहू और झारखंड प्रदेश तेली समाज के उपाध्यक्ष किशोर साहू के द्वारा चरकु साहू को झारखंड प्रदेश कमेटी का सदस्य बनाया गया। उन्होंने कहा कि देश आजादी के 76 वर्ष बीत जाने बाद भी तेली जाति को राजनीतिक लाभ नहीं मिला है। इस जाति के लोगों को कोई भी राजनीतिक पार्टी से सामाजिक और राजनीतिक लाभ नहीं मिला है। तेली जाति को एक बैनर में आकर एकजुटता लानी होगी तभी विकास संभव है। मौके पर पवन साहू, ओतिस साहू, योगेश्वर साय, अनुप कुमार, मनोज साहू, अशोक साहू आदि उपस्थित थे। इस मौके पर चरकु साहू को उनके निजी आफिस में आकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं चरकु साहू के झारखंड प्रदेश तेली समाज के सदस्य बनने पर लापुंग तेली समाज ने हर्ष व्यक्त किया।

### मृतकों के परिजनों को विधायक सलाहकार ने पहुंचाई सहायता



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव के मृतक के परिवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक के सलाहकार रमेश उरांव के द्वारा 52-52 केजी चावल ग्राम डहु के मृतक विमल देवी, पति घणेनाथ महतो, सुकरो देवी, ग्राम रुका सुईया टोली, जगदीश मुंडा करमा पार टांड़ को दिया गया। सहायता पहुंचाने में विधायक सलाहकार रमेश उरांव, हरिमोहन महतो, अशोक मुंडा एवं अन्य लोग शामिल थे।

### बिशप हार्टमैन स्कूल के विद्यार्थियों ने पीएम और सीएम को पोस्टकार्ड भेजा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वर्णरेखा नदी की सफाई एवं संरक्षण के लिये स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा पूरे राज्य में एक पोस्टकार्ड 'प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम' लिखने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बुधवार को टाटीसिलवे के आरा गेट स्तिथ बिशप हार्टमैन एकेडमी स्कूल के 750 छात्रों ने स्वर्णरेखा नदी को बचाने के लिये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखा। बच्चो ने अपनी पोस्टकार्ड पर प्रदूषण से नाला के रूप में परिवर्तित होती स्वर्णरेखा नदी के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बताया और इसे बचाने की गुहार लगायी। इस अवसर पर बिशप हार्टमैन एकेडमी स्कूल के प्रिंसिपल फादर ओशवाल्ड ने स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा पूरे राज्य में चलाये जा रहे एक 'पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम' अभियान का समर्थन किया। साथ ही इस अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों को नदी एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्व के बारे में बताया एवं स्वर्णरेखा नदी को बचाने में अपना सहयोग देने का निर्देश दिया। इस अभियान एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य मनोज महतो, राजदीप किशोर, रवि सिंह, सत्येंद्र रजक, नंदकिशोर साहू, शिवराम दास, राजेश प्रसाद, प्रकाश महतो, अश्वनी कुमार का अहम योगदान रहा। गौरतलब है कि स्वर्णरेखा उत्थान समिति के द्वारा आनेवाले दिनों में यह अभियान व्यापक स्तर पर पूरे राज्य में चलाया जायेगा। उक्त जानकारी समिति के सदस्य गौतम देब ने दी।

### महिला मंडल सदस्यों के बीच बत्तख चूजा वितरित

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगो गांव में चरिमा अनु जलछाजन के सहयोग से सखी मंडल के 100 महिलाओं बीच 15-15 बत्तख के चूजा का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए जेएसपीएल के माध्यम से गांव की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला मंडल ग्राम संगठन का गठन किया गया है। जिससे महिलाओं में जागरूकता आई है। वहीं जलछाजन के द्वारा महिला मंडल के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव के महिला मंडल के सदस्यों के बीच बतख का चूजा का वितरण किया जा रहा है जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। मौके पर सुबल टोप्पो, विदेश मुंडा, बबलू लोहरा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

